①

# कार्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति
## जिला– सुकमा (छ.ग.)

Ph. & Fax No. 07864-284401, Email ID- deo.sukma2012@gmail.com, rmsa.sukma@gmail.com

क्रमांक/2834 /जि.शि.अ./उत्कृष्ठ विद्यालय/सं.भ./2021–22 सुकमा, दिनांक 18/01/2022

**---:: वॉक-इन-इन्टरव्य की सूचना ::---**

लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. नया रायपुर के पत्र क्रमांक/स्वा.आ.अं.मा./2021-22/161 रायपुर दिनांक 10.05.2021 के अनुपालन में तथा समय-समय पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सुकमा जिले के विकासखण्ड सुकमा/कोण्टा/छिन्दगढ़ में नवीन संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्मय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पावारास सुकमा, कोण्टा एवं छिन्दगढ़ में नीचे दर्शित रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू का आयोजन दिनांक 28/01/2022 दिन शुक्रवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से संलग्न समय सारिणी अनुसार स्थान **पॉलिटेक्निक कॉलेज कुम्हाररास सुकमा** में किया जावेगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र पूर्ण कर मूल प्रमाण पत्र व अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में वॉक-इन-इन्टरव्यू स्थल में उपस्थित होवें। स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक, साधारण पोस्ट या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। साथ ही निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | पद का नाम | विज्ञापित संस्था का नाम व विषय एवं पद संख्या | | | आरक्षण वर्ग | संविदा नियुक्ति के स्थिति में मानदेय | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वा.आ.उ. अं.मा.वि. शा.उ.मा. कोण्टा | स्वा.आ.उ. अं.मा.वि. शा.उ.मा. छिन्दगढ़ | स्वा.आ.उ. अं.मा.वि. शा.उ.मा. पावारास | | | |
| 1 | व्याख्याता अंग्रेजी माध्यम | वाणिज्य -01 | वाणिज्य -01 | वाणिज्य -01 | अ.ज.जा. | 38100/- | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित। अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिकता |
| 2 | | सा. विज्ञान -01 | - | - | अनारक्षित | 38100/- | |
| 3 | प्रधान पाठक मा.शा. अंग्रेजी माध्यम | - | पद-01 | पद-01 | अनारक्षित | 38100/- | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंको के स्नातक की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित। अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिकता। पू.मा.शा. स्तर पर प्रधान पाठक मा.शा. के रूप में 3 वर्ष का कार्य अनुभव (मान्यता प्राप्त संस्था से) |
| 4 | प्रधान पाठक प्रा.शा. अंग्रेजी माध्यम | पद-01 | पद-01 | - | अनारक्षित | 35400/- | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंको के स्नातक की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित। अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिकता। प्रा.शा. स्तर पर प्रधान पाठक प्रा.शा. के रूप में 3 वर्ष का कार्य अनुभव (मान्यता प्राप्त संस्था से) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | सहायक ग्रेड 02 | – | पद–01 | – | अनारक्षित | 25300/– | मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी परीक्षा 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र के साथ डाटा एन्ट्री का हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाइपिंग का 5000 Key डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (कौशल परीक्षा ली जायेगी) एवं सहायक ग्रेड 03 में 5वर्ष का कार्य करने का अनुभव |

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**सह पदेन सदस्य सचिव**
**स्वा.आ.उ.अ.मा.वि.संचालन प्रबंधन समिति**
**जिला – सुकमा छ.ग.**

## वॉक–इन–इन्टरव्यू हेतु समय–सारणी

| क्रं. | पदों का विवरण | इन्टरव्यू दिनांक | वॉक–इन–इन्टरव्यू की समय सारणी | कार्यवाही विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | संविदा व्याख्याता वाणिज्य (अ.ज.जा.–03), संविदा व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अनारक्षित –01), संविदा प्रधान पाठक माध्य.शाला स्तर (अनारक्षित –02), संविदा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला स्तर (अनराक्षित–02), सहायक ग्रेड 02 (अनारक्षित –01) | | प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक | संलग्न आवेदन पत्र निर्धारित भरी हुई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन |
| | | | 01:00 बजे से 02:00 बजे तक | पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन, दावा आपत्ति का निराकरण। 02 बजे पात्र/अपात्र की अंतिम सूची का प्रकाशन |
| | | | 02:00 बजे से 05:00 बजे तक | पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार |
| | | | अगला कार्य दिवस | अंतिम सूची का प्रकाशन |

**चयन प्रक्रिया एवं नियम/शर्ते :–**

1. पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा विलोपित की जा सकती है। इसके लिए प्रबंधन एवं संचालन समिति स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
2. व्याख्याता सा.विज्ञान हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इतिहास/राजनीति/भूगोल विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षित होना चाहिए।
3. **उपरोक्त विज्ञापित पदों हेतु अंग्रेजी माध्यम के आवेदक मिलने पर उन्हे प्राथमिकता दी जायेगी अर्थात साक्षात्कार एवं नियुक्ति हेतु प्रथम प्राथमिकता दी जावेगी।**
4. **अंग्रेजी माध्यम के आवेदक नहीं मिलनें पर हिन्दी माध्यम के आवेदक को मेरिट क्रम में साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा तथा साक्षात्कार में अंग्रेजी भाषा में वर्तालाप व अंग्रेजी भाषा में विषय शिक्षण में सक्षम पाये जाने पर उन्हे नियुक्ति दी जावेगी।**
5. अभ्यर्थी को आवेदन करते समय विज्ञापन में उल्लेखित विद्यालय **स्वा.आ.उ.अं.मा.वि. पावारास सुकमा, कोण्टा एवं छिन्दगढ़** का चयन प्राथमिकता क्रम में करना होगा।
6. सुकमा जिला के स्थानीय निवासी को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शैक्षिक पदो पर अतिरिक्त 05 अंक प्रदान किया जावेगा।

7. चयन प्रक्रिया में पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक पर 70 प्रतिशत अंक, सुकमा जिले के स्थानीय निवासी का 5 अंक, अनुभव पर 10 अंक (प्रत्येक एक वर्ष हेतु 02 अंक तथा अधिकतम 10 अंक) एवं साक्षात्कार पर 15 अंक **weightage** के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जायेगा।
8. अंतिम मेरिट सूची से अंकों के आधार पर वरीयता कम में अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा। चयनित अभ्यर्थी के पद ग्रहण न करने पर मेरिट सूची के अभ्यर्थियों से वरीयता कम में रिक्त पदों की पूर्ति की जावेगी **जिसकी वैधता मेरिट सूची जारी होने की तिथि से शैक्षणिक सत्र की समाप्ति तक होगी।**
9. वॉक-इन-इन्टरव्यू दिनांक तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएं ही मान्य होगी।
10. शैक्षिक पदों हेतु (व्याख्याता, प्रधान पाठक प्रा.शा./मा.शा) जिला स्तरीय साक्षात्कार समिति द्वारा साक्षात्कार लिया जावेगा जिसमें **न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक** प्राप्त करने वाले आवेदकों में से मेरिट कम में चयन किया जावेगा।
11. अनुभव के 10 अंक के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि पद एवं विषय के अनुरूप अनुभव होने पर ही अनुभव का अंक दिया जावेगा अर्थात् जिस पद एवं विषय के लिए आवेदन किया जा रहा है अनुभव भी उसी पद एवं विषय का होना आवश्यक है। प्रत्येक पूर्ण शिक्षा सत्र के लिए अनुभव के 02 अंक दिया जावेगा तथा यह अधिकतम 10 अंक तक दिया जावेगा। अपूर्ण सत्र के लिए कोई अनुभव मान्य नहीं किया जावेगा।
12. **अनुभव प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त संस्था का होना अनिवार्य है। अनुभव प्रमाण पत्र में शाला का यूडाईस कोड, मान्यता क्रमांक (निजी विद्यालय की स्थिति में) एवं जावक क्रमांक तथा अध्यापन की अवधि दिनांक का उल्लेख होने पर ही मान्य किया जायेगा।**
13. गैर शैक्षणिक पदों के अंतर्गत लिपिकीय पद पर केवल सुकमा जिला के स्थानीय निवासी पात्र होंगे। **इन्हे पृथक से सुकमा जिला के स्थानीय निवासी के अतिरिक्त 05 अंक देय नहीं होगा।** सहायक ग्रेड 02 पद के लिए कक्षा 12वीं के प्राप्तांक के 80% लिया जायेगा तथा 20 अंक का टाइपिंग की कौशल परीक्षा (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में) लिया जायेगा। कम्प्यूटर टाइपिंग की कौशल परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले आवेदकों में से मेरिट क्रम में चयन किया जावेगा।
14. लिपिकीय वर्ग हेतु अनुभव केवल लिपिकीय पद का मान्य किया जावेगा। डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं अन्य किसी भी पद का अनुभव मान्य नहीं होगा।
15. भृत्य और अंशकालीन स्पीपर को छोड़कर शेष सभी पदों में शैक्षणिक योग्यता के निर्धारित प्रतिशत, अनुभव के निर्धारित अंक (जिन पदों के लिए लागू होगें) तथा साक्षात्कार/टाइपिंग के कौशल परीक्षा के निर्धारित अंक को जोड़कर मेरिट सूची तैयार की जायेगी।
16. चयन संबंधी उपरोक्त समस्त प्रक्रिया में प्रबंधन एवं संचालन समिति स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निर्णय अंतिम एवं मान्य होंगे।
17. **इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र पूर्ण कर मूल प्रमाण पत्र व अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में वॉक-इन-इन्टरव्यू स्थल पर उपस्थित होवें। निर्धारित तिथि, समय के पूर्व तथा पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें।**
18. एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन करें।
19. समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।
20. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
21. आवदेक की उम्र 01 जनवरी 2021 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। राज्य शासन द्वारा विभिन्न वर्गो को आयु सीमा में दिया जाने वाला अतिरिक्त छूट के प्रावधान लागू होंगे। उम्र की पुष्टि हेतु 10वीं की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
22. प्रधान पाठक प्रा.शा./मा.शा. तथा सहायक ग्रेड-02 का पद पदोन्नति श्रेणी का होने के कारण इन पदों के लिए उम्र बंधन नहीं होगा।
23. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
24. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
25. यह संविदा नियुक्ति 30 अप्रैल 2022 तक के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यदक्षता, एवं आचरण/व्यवहार के आधार पर दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी सत्र के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
26. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का संविदा सेवा की अवधि के लिए किसी भी प्रकार की पेंशन, उपदान एवं मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
27. शासन द्वारा संविदा नियुक्ति नियम में कोई परिवर्तन किया जाता है तो वह संविदा में नियुक्त कर्मचारी के लिए बंधनकारी होगा।

28. चयनित संविदा कर्मचारी के कार्य व्यवहार संतोषजनक न होने की स्थिति में अथवा उस पद की आवश्यकता न होने पर उम्मीदवार की सेवाएं समिति द्वारा किसी भी समय समाप्त की जा सकेंगी।
29. नियुक्त शिक्षकों को शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मूल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। जिसके लिए अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
30. संविदा शिक्षक/कर्मचारियों की सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।
31. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
32. अभ्यर्थी के विरूद्ध किसी प्रकार के अपराधिक मामले में संलिप्तता नहीं होनी चाहिए। संलिप्तता पाये जाने पर नियुक्ति निरस्त किया जावेगा तथा कानूनी कार्यवाही की जावेगी।
33. यह संविदा भर्ती सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ.9-1/2012/1-3 दिनांक-31 दिसम्बर 2012 के अनुसार संविदा भर्ती के संबंध में जारी समस्त शर्तो के अधीन होगी।
34. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा भर्ती) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
35. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचारण) नियम 1965 से शासित होंगे।
36. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप तथा नियम-शर्ते सुकमा जिले के वेबसाईट www.sukma.gov.in एवं जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं। अंतिम चयन सूची जिले के वेब-साईट पर अपलोड की जावेगी।

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**सह पदेन सदस्य सचिव**
**स्वा.आ.उ.अ.मा.वि.संचालन प्रबंधन समिति**
**जिला – सुकमा छ.ग.**

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला – सुकमा छ.ग.

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जिला –सुकमा

**संविदा शिक्षक पद हेतु आवेदन पत्र वर्ष 2021–22**

**आवेदित पद का नाम :– ............................................... विषय ..................................माध्यम...........................**

**आवेदित संस्था का नाम प्राथमिकता कम में**

1...................................................................

2............................................................

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें।

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी सह सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
जिला – सुकमा छ.ग.

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................................................
   अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में :–..........................................................................................
2. पिता/पति का नाम(हिन्दी में) :– ..........................................................................................
   अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में :–..........................................................................................
3. जन्मतिथि अंकों में :– ..........................................................................................
   शब्दों में :–..........................................................................................
4. लिंग – पुरूष /महिला/अन्य :–..........................................................................................
5. विवाहित/अविवाहित :–..........................................................................................
6. आयु दिनांक 01.01.2021 की स्थिति में :–........................वर्ष ......................माह..........................दिन
7. छत्तीसगढ़ के मूल निवास का विवरण :– जिला ......................... तहसील..................ग्राम.......................
   (सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. अनु.ज.जाति./अनु.जा./अ.पि.वर्ग./ सामान्य जाति/वर्ग...............................
   (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. की स्थिति में समक्ष अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
9. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक तथा नवीनीकरण की तिथिः– ..........................................
10. शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है –

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | अध्ययन का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 5वीं | | | | | | | |
| 2. | 8वीं | | | | | | | |
| 3. | 10वीं | | | | | | | |
| 4. | 12वीं | | | | | | | |
| 5. | स्नातक | | | | | | | |
| 6. | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 7. | डी.एड./डी.एल.एड. | | | | | | | |
| 8. | बी.एड. | | | | | | | |
| 9. | बी.पी.एड. | | | | | | | |
| 10. | बी.लीब./डी.लीब. | | | | | | | |
| 11 | अन्य योग्यताएं | | | | | | | |

11. छत्तीसगढ़ राज्य शासन में अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपक्रम, निगम मंडल में शैक्षणिक कार्य का अनुभव का विवरण :-

| क्र. | नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्था/प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थायी/स्थायी/ संविदा/प्रतिनियुक्ति/अन्य | मासिक वेतन रू. में | कार्य ग्रहण अवधि संहित | कुल अनुभव (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

12. नियोक्ता के संबंध में जानकारी :-

| नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्थान/प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया गया है या कर रहे, का पूर्ण पता | दूरभाष क्रमांक/मोबाईल | ई-मेल | अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |
| | | | | |

टीप :- आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जांच कराई जायेगी, जांच में किसी भी प्रकार से गलत/भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पत्र हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यावाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

13. पत्र व्यवहार का पता – ..........................................................................................

– ..........................................................................................

मोबाईल/वॉटसअप नंबर ..........................................................................

जिला का नाम ................................. पिन कोड ..............................

14. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची –

1. शैक्षणिक योग्याता अंतर्गत 5वीं/8वीं/10वीं/स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा के अंक सूची की छायाप्रति।
2. व्यावसायकि एवं अन्य योग्यताओं के परीक्षाओं के अंकसूची की छायाप्रति।
3. अनुभव प्रमाण पत्र (समक्ष अधिकारी द्वारा जारी)
4. मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति
6. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

## प्रमाण पत्र

मैं घोषण करता/करती हूॅं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त आवेदन पत्र में बिन्दु कमांक 01 से 14 तक में दी गई सम्पूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं मैं आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता/योग्यता रखता/रखती हूॅं। मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति निरस्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैने यह आवेदन पत्र सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझ कर भरा है।

दिनांक :- .................................

स्थान :- ..................................

**आवेदक का हस्ताक्षर**
**एवं पूर्ण स्थायी पता**